COURT FEE भारत INDIA बीस रुपये TWENTY RUPEES Rs.20 20रु.

COURT FEE भारत INDIA दस रुपये TEN RUPEES Rs.10 10रु.

न्यायालय राजस्व मण्डल मध्य प्रदेश ग्वालियर (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक :– दो / निग. / सतना / भू.रा. / 2018 / 771

श्री .... द्वारा आज दि. 29-1-18 प्रस्तुत। प्रारंभिक तर्क हेतु दिनांक 15.2.18 नियत।

क्लर्क ऑफ कोर्ट राजस्व मण्डल, म.प्र. ग्वालियर 29-1-18

1– रजनीश शर्मा पुत्र श्री शंकरदीन शर्मा

2– उमाकान्त शर्मा पुत्री शंकरदीन शर्मा निवासीगण ग्राम सोनौरा तहसील रघुराज नगर जिला सतना –आवेदकगण

बनाम

1– राजेश कुमार पुत्र श्री जे.पी. द्विवेदी निवासी सिन्धी कैम्प सतना जिला सतना

2– म.प्र. शासन द्वारा कलेक्टर जिला सतना मध्य प्रदेश –अनावेदकगण

निगरानी प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 50 मध्य प्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 विरूद्ध आदेश दिनांक 21 / 08 / 2017 न्यायालय तहसीलदार महोदय तहसील रघुराज नगर सतना प्रकरण क्रमांक 11 / अ–5 / 2016–17 राजेश कुमार बनाम रजनीश आदि।

महोदय,

प्रार्थी की ओर से निगरानी प्रार्थना पत्र निम्न प्रकार प्रस्तुत है :–

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण :–

1– यह कि, प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि, प्रतिप्रार्थी क्रमांक 1 राजेश कुमार द्विवेदी द्वारा विचारण न्यायालय तहसीलदार रघुराज नगर जिला सतना के समक्ष विवादित सर्वे नम्बर 65 / 1 रकवा 0.35 एकड़ अर्थात 0.142 हैक्टर के नक्शा तरमीम के सम्बन्ध मे आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि खसरा मे सर्वे नम्बर 65 बटा नम्बरों मे विभक्त है। प्रार्थी नक्शा तरमीम कराना चाहता है जिससे नक्शे मे भी प्रार्थी की भूमि दर्शित हो सके।

(67)

न्यायालय राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश प्रष्ठ

प्रकरण क्रमांक R | R | सतना / ब्लू 2ण / 18 / 771 रजनीश / राजेश कुमार

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषको के हस्ताक्षर
09/01/19	आवेदक की ओर से श्री अशोक भार्गव अधिवक्ता द्वारा यह निगरानी तहसीलदार रघुराजनगर, सतना के प्रकरण क्रमांक 11/अ-5/16-17 में पारित आदेश दिनांक 21/08/17 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है । म.प्र. भू.राजस्व संहिता में दिनांक 25-09-2018 को हुए संशोधन के फलस्वरूप अब नवीन संशोधित संहिता की धारा 50 सहपठित संहिता की धारा 54(ए) के अंतर्गत सुनवाई हेतु प्रकरण कलेक्टर जिला सतना के न्यायालय को अंतरित किया जाता है । उभय पक्ष दिनांक 22/04/19 को कलेक्टर जिला सतना के न्यायालय में सुनवाई हेतु उपस्थित हों । सदस्य	